बाला जी के दर्शन करने गई इक बाला जी भजन लिरिक्स

बाला जी के दर्शन करने,
गई इक बाला जी,
खो गया कान का बाला जी,
ढूंढ के ला दो बाला जी।bd।

तुम हो महान जग में,
केसरी नन्दन,
हृदय में बसाए तुमने,
सिया रघुनंदन,
बालापन में सूर्य निगल गए,
अंजनी लाला जी,
खो गया कान का बाला जी,
ढूंढ के ला दो बाला जी।bd।

लक्ष्मण मूर्छित बैठे,
राम अकुलाए,
द्रोणागिरी पर्वत पहुंचे,
संजीवनी लाए,
बूटी लाकर प्राण बचाए,
बजरंग बालाजी,
खो गया कान का बाला जी,
ढूंढ के ला दो बाला जी।bd।

राम लखन चोरी से,
पाताल पहुंचे,
उनको बचाने बाबा,
तुम वहां पहुंचे,
अहिरावण की भुजा उखाड़ी,
संकट टाला जी,
खो गया कान का बाला जी,
ढूंढ के ला दो बाला जी।bd।

बाला जी के दर्शन करने,
गई इक बाला जी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

खो गया कान का बाला जी,
ढूंढ के ला दो बाला जी।bd।

गायक / प्रेषक – शंकर अलबेला।
8999397590

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com